रजिस्ट्री सं. डी. (डी.)-72 REGISTERED No. D (D)—72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 208] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 31, 1980/कार्तिक 9, 1902

No. 208] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 31, 1980/KARTIKA 9, 1902

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

(आयात व्यापार नियंत्रण)

सार्वजनिक सूचना सं 41-आईटीसी (पीएन)/80

नई दिल्ली 31 अक्तूबर 1980

विषय : फ्रांसीसी ऋण 1980-81 के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंसों के लिए लागू लाइसेंस शर्तें।

मिसिल स० आईपीसी/23(7)/80 भारत-फ्रांसीसी वित्तीय नयाचार, 1980-81 अर्थात् फ्रांसीसी सामान्य ऋण 1980-81 के अधीन आयात लाइसेंसों के निर्गमन का नियंत्रित करने वाली शर्तें जो इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई है, जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती है।

मणि नारायणस्वामी, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं 41 आईटीसी (पीएन)/80 के लिए परिशिष्ट

नई दिल्ली 31 अक्तूबर 1980

1 आयात लाईसेंसे

1 आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर संविदा करने के लिए चार महीने और पोतलदान पूर्ण करने के लिए 12 महीने की प्रारम्भिक वैधता अवधि के लिए जारी किया जाएगा। लेकिन, पूंजीगत माल के आयातों के मामले में पोतलदान पूर्ण करने के लिए लाइसेंस की प्रारम्भिक वैधता जारी होने की तिथि से 24 महीनों के लिए होगी।

2 आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य राजस्व (सीमाशुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित और आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि का प्रचलित और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना स० 78-आईटीसी (पी एन)/74 दिनांक 6 जून, 1974 के पैरा-2 के अनुसार आयात लाइसेंस (सी) के मध्य भाग में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा। यह सार्वजनिक सूचना यह भी व्यवस्था करती है कि सीमा-शुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सी) में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर पर लाइसेंस (सी) के मूल्य के नाम ऋणांकन करेंगे।

3 प्रत्येक लाइसेंस पर एक शीर्ष "फ्रांसीसी ऋण परियोजना भाग" या "फ्रांस ऋण गैर-परियोजना भाग", जैसा भी मामला हो, होगा। लाइसेंस कोड वर्गीकरण संख्या में दो प्रत्यय "एम/एफ ई"—परियोजना के लिए और "एम/एफ एन" गैर-परियोजना के लिए होंगे।

4 आयात लाइसेंस की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर आयातक को आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक तथा मूल्य और जिस तिथि तक संविदा दस्तावेज प्रस्तुत किए जायेंगे उसकी सामान्य तिथि निर्दिष्ट करते हुए आयात लाइसेंस की प्राप्ति के तथ्य से आर्थिक कार्य विभाग (ई ई सी। अनुभाग) को अवगत कराना चाहिए।

5 जब तक नीचे के पैरा-20 की शर्त 6 अनुसार पूर्ण संविदा दस्तावेज चार महीने की निर्धारित अवधि के भीतर प्रस्तुत नहीं कर दिए जाते जब तक यह नहीं समझा जाएगा कि संविदा करने से संबंधित शर्तों का अनुपालन कर लिया गया है।

6. जिस मामले में इस अनुबंध का चार महीनों के भीतर अनुपालन नहीं किया जाएगा, उसमें आयात लाइसेंस अवैध समझा जाएगा । लेकिन पार्टी द्वारा आयात लाइसेंस की शर्तों का समय के भीतर अनुपालन न करने के कारण बताते हुए मूल लाइसेंस के साथ आवेदनपत्र लाइसेंस प्राधिकारी को देने पर आयात लाइसेंस पुनर्वैध किया जा सकता है ।

7. पुनर्वैधीकरण के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक चार महीनों की और आगे अवधि के लिए वृद्धि प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीने से अधिक मांगी गई है तो ऐसे प्रस्ताव लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा निरपवाद रूप से वार्षिक कार्य विभाग (ई ई सी-1 अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे ।

2—संविदा करना

8. फ्रांसिसी ऋण के अधीन जारी किए गए लाइसेंस के प्रति केवल एक ही संविदा निश्चित कीमत के आधार पर फ्रांसीसी संभरक के साथ करनी है ।

9. लेकिन, एक आयात लाइसेंस के अधीन एक से अधिक संविदाएं तभी की जा सकती हैं जबकि आदेश देने से पहले ऐसा करने के कारण बताते हुए वार्षिक कार्य विभाग से विशेष रूप से अनुमति प्राप्त कर ली गई हो ।

10. नीचे खंड 5 में निर्धारित क्रिया-विधि के अनुसार जब एक बार संविदा अधिसूचित कर दी गई हो तो उसके बाद उसमें मुख्य संविदा के मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक संकलनों के तरीके से भी संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

यदि किसी मामले में भारतीय आयातक को यह अनुभव हो जाता है कि मुख्य संविदा में इसके मूल्य से 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के लिए संशोधन करने आवश्यक होंगे तो उसे तुरन्त ही मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात और वित्त मंत्रालय, वार्षिक कार्य विभाग, ई ई सी-1 अनुभाग-1 को मामलों के पूर्ण तथ्यों की सूचना देनी चाहिए और उनके मार्ग-दर्शन मांगना चाहिए ।

11. संविदा में सामान्यतः दोनों पार्टियां अर्थात् भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौता शामिल होगा अथवा इसमें भारतीय आयातक द्वारा दिया गया आदेश और फ्रांसीसी संभरक द्वारा स्पष्ट शब्दों में उस आदेश की स्वीकृति का पत्र शामिल होगा ।

12. जिस संविदा में दोनों पार्टियों के बीच विभिन्न शर्तों को बार-बार संशोधित/परिशोधित करने के पत्राचारों की श्रंखला शामिल होगी वह स्वीकार नहीं की जाएगी । ऐसे मामलों में दोनों पार्टियों द्वारा स्वीकार की गई और हस्ताक्षरित शर्तों सहित एक अन्तिम दस्तावेज तैयार करने की सलाह दी जाती है । समुपकार संभरकों के भारतीय अधिकर्त्ताओं के लिए आदेश और/या ऐसे भारतीय अधिकर्त्ताओं द्वारा आदेश के लिए पुष्टिकरण स्वीकार नहीं किए जाते हैं ।

3—संविदा की शर्तें

13. संविदा लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर करनी चाहिए । यदि बीमा किसी भारतीय बीमा कंपनी को भारतीय रुपये में चुकाया जाता है तो संविदा लागत तथा भाड़े के आधार पर की जा सकती है, जो कि सरकारी अभिकरण या सरकारी क्षेत्र के संस्थाओं द्वारा हस्ताक्षरित संविदाओं के लिए प्रत्येक मामले में अनिवार्य है । लागत-बीमा-भाड़ा संविदाओं के मामले में संविदा में जहाज पर्यन्त निःशुल्क कीमत, भाड़ा, बीमा खर्च और लागत तथा भाड़ा संविदाओं के मामलों में जहाज-पर्यन्त निःशुल्क कीमत और भाड़ा खर्च स्पष्ट रूप से अलग-अलग निर्दिष्ट होने चाहिए ।

यदि कोई आयातक जहाज पर्यन्त निःशुल्क आधार पर संविदा करना चाहता है तो ऐसा करने के कारण देते हुए वार्षिक कार्य विभाग (ई ई सी-1 अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली से पूर्व अनुमति मांगनी चाहिए ।

14. यदि फ्रैंक संभरक के भारतीय अभिकर्त्ता को कोई कमीशन चुकाया जाना है तो यह संविदा के मूल्य से अलग फ्रांसीसी फ्रैंकों में दिखाया जाएगा । भारतीय अभिकर्त्ता का कमीशन रुपये में चुकाया जाएगा परन्तु आयात लाइसेंस के मूल्य के प्रति जोड़ा जाएगा ।

15. संविदा का रुपये में मूल्य आयात लाइसेंस के लिए लागू मुद्रा विनिमय की दर के अनुसार निश्चित किया जाएगा । देखिए उपर्युक्त पैरा 2.

16. संविदा की मूल्य सीमाएं :— प्रत्येक संविदा का मूल्य निम्नलिखित प्रत्येक श्रेणी के सामने निर्दिष्ट धनराशि से कम होना चाहिए :—

	फ्रां० फ्रैंक
(1) बृहत (भारी) औद्योगिक परियोजनाएं और भारी उपस्कर (परियोजना लाइन) के लिए परियोजनाएं	5,000,000
(2) पूंजीगत माल (परियोजना लाइन)	4,00,000
(3) उर्वरक (गैर-परियोजना)	700,000
(4) अन्य सामान (गैर-परियोजना लाइन)	80,000

17. माल फ्रांस मूल का होना चाहिए । माल के उद्गम स्थान के विषय में संविदा में एक अनुबंध समाविष्ट होना चाहिए । जहां कहीं ऐसे माल के एक भाग की स्वीकृति दी जाती है जो गैर-फ्रैंक उद्गम का हो तो तीसरे देश के आयातों के लिए फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुमोदन का साक्ष्य प्रदर्शित करने वाला एक पत्र संविदा के साथ होना चाहिए ।

18. पोतलदान का पत्तन : यदि आवश्यक हो तो माल गैर-फ्रांसीसी पत्तनों से भी लादा जा सकता है ।

19. भुगतान की शर्तें : फ्रांसीसी क्रेडिट में आस्थगित भुगतान की व्यवस्था नहीं है । इसलिए फ्रांसीसी संभरक को पूरा भुगतान पोतलदानों पर/निर्माण पूरा हो जाने पर संयंत्र के नियोजित हो जाने पर नीचे की कंडिकाओं में निर्दिष्टानुसार किया जाएगा ।

20. अग्रिम भुगतान : संविदा लागू होने के समय चुकाई जाने वाली संभरणों को जहाज पर्यन्त निःशुल्क कीमत से कम से कम 5 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की अवश्य व्यवस्था होनी चाहिए । अन्य शर्तें जो किसी विशेष प्रकार के सम्बद्ध माल के लिए सामान्य अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रणाली के अनुसार क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच तय की जाती हैं की भी व्यवस्था की जा सकती है ।

21. लेकिन, जिस मामले में 5 प्रतिशत से अधिक अग्रिम भुगतान के लिए व्यवस्था करना हो उसमें कोई वचनबद्धता करने से पहले पूर्ण औचित्य के साथ वार्षिक कार्य विभाग का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए ।

22. अन्य भुगतान : (क) औद्योगिक परियोजना :—लक्षण भुगतान की धनराशि के अतिरिक्त शेष धनराशि संविदा के अधीन उपस्कर के अन्तिम पोतलदान के समय या निर्माण के पूर्ण होने के समय या संयंत्र के नियोजित हो जाने के समय चुकाने की अनुमति है ।

जिस मामले में संविदा के अंतर्गत आने वाले संभरण/सेवाएं ऐसी हों कि उनमें ऐसी एक निष्पादन गारंटी की आपको आवश्यकता हो जिसमें इस संबंध में एक अनुबंध की आवश्यकता हो कि 10 प्रतिशत की अन्तिम किश्त माल के वितरण के पूर्ण होने या परियोजना पूर्ण होने के पर्याप्त समय के बाद तक देय नहीं होगी तो ऐसे मामले में आयातकों को चाहिए कि वे 10 प्रतिशत भुगतान अन्तिम पोतलदान के समय करने की शर्त

से सहमत हो जाएं और यह इस शर्त के अधीन है कि फ्रांसीसी संभरक द्वारा भारतीय आयातक को किसी अनुमोदित बैंक से एक निष्पादन गारंटी प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी गारन्टी अन्तिम पोत-लदान के माल के वितरण के पर्याप्त समय जो भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक के बीच आपस में तय किया जाए के बाद मुक्त की जानी चाहिए ।

लेकिन, भुगतान परियोजना की किस्म पर निर्भर करता है, औद्योगिक परियोजनाओं के लिए संविदाओं के लिए भुगतान की व्यवस्था भी नीचे उप-कंडिका (ख) में वर्णित पण्य वस्तुओं की तरह की जा सकती है ।

(ख) पण्य वस्तुएं :—पण्य वस्तुओं (हल्के उपस्कर, फालतुपुर्जे, संघटक रसायन, उर्वरक, अन्य कच्ची सामग्री आदि) के लिए संविदाओं में तत्क्षण भुगतान बाद शेष धनराशि प्रत्येक लदान द्वारा शामिल माल के मूल्य के अनुसार पोत-परिवहन अनुसूची के आधार पर यथा अनुपात देय होगी ।

23. अन्य शर्तें :—फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत संविदा को वित्त दान के लिए अर्हक बनाने के लिए ऊपर निर्दिष्ट उपबन्धों के अतिरिक्त और संविदा करने वाली पार्टियों द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य उपबंधों के भी अतिरिक्त हमें निम्नलिखित उपबन्ध भी उचित रूप से समाविष्ट होने चाहिएं :—

(1) संविदा करने वाली दोनों पार्टियां सहमत हैं कि संविदा भारत-फ्रांस वित्तीय शर्तों के अनुसार और उसके अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी की गई लाइसेंस शर्तों के अनुसार विशेष फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत वित्तदान के लिए भारतीय और फ्रांसीसी प्राधिकारियों के अनुमोदन के अधीन है ।

(2) फ्रांसीसी संभरक सहमत है कि भारतीय और फ्रांसीसी प्राधिकारियों द्वारा संविदा के अनुमोदन के बाद सहायता लेखा तथा लेखापरीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए अनुदेश पत्र के आधार पर बैंक्यू नैशनले डि पेरिस को दस्तावेज प्रस्तुत करने पर उसको फ्रांसीसी फ्रेंक्स में भुगतान किया जाएगा ।

(3) भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेज प्रस्तुत करने को सहमत हैं जो भारत सरकार और फ्रांसीसी सरकार के बीच फ्रांसीसी क्रेडिट व्यवस्थाओं के अन्तर्गत मांगे जाएं ।

24. प्रथागत गारन्टी :—आयातक समझौते में ऐसी प्रथागत गारन्टी (यों) की व्यवस्था कर सकता है और दे सकता है जो उसके हित की सुरक्षा के लिए आवश्यक हो ।

4. संविदा दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

25. संविदा समाप्त होने के 20 दिन के भीतर आयातक को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ एक पत्र वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (ई ई सी-1 अनुभाग) नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को भेजना चाहिए :—

(1) भारतीय आयातक और फ्रांसीसी संभरक दोनों द्वारा हस्ताक्षरित और अंग्रेजी भाषा में विधिवत कार्यान्वित संविदा और बाद में किए गए किसी संशोधन (नों) की 10 प्रमाणित प्रतियां ।

(2) आयातक द्वारा फ्रांसीसी संभरक को दिए गए आदेश की फ्रांसीसी संभरक द्वारा संविदा स्वीकृति की निष्पादन तिथि की संविदा करने के लिए वैध आयात लाइसेंस की दो फोटो प्रतियां ।

(3) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत विदेशी मुद्रा के व्यापारी अनुसूचित बैंक से बैंक गारन्टी (अनुबन्ध-1 के अनुसार) । यह बैंक गारंटी सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत नहीं की जानी है ।

"प्रोजेक्ट क्रेडिट्स" के अधीन आयातों के मामले में आयातकों के बैंकर्स द्वारा प्रेषित अनुबंध-1 में संदर्भित बैंक गारंटी में संशोधन किया जाए :

(1) निम्नलिखित खंड को पैरा-9 के उप-पैरा 2 के रूप में निर्दिष्ट किया जाए :—

"लेकिन इस बैंक गारंटी के अधीन ..... (बैंक का नाम) का दायित्व उस सीमा तक कम हो जायेगा जितना कि यह विधिवत् सरकार को या तो ..... या (बैंक का नाम) सर्वश्री ..... (आयातक का नाम) द्वारा भुगतान कर देता हूं और सरकार बैंक को ऐसे भुगतान की लिखित सूचना दे देती है ।"

(2) बैंक गारन्टी के पैरा-3 के अन्त में निम्नलिखित पंक्तियां जोड़ी जाएं :—

"..... और इस बाण्ड के अधीन ..... (बैंक का नाम) का दायित्व के संपूर्ण, अप्रतिबद्ध एवं अपरिवर्तनीय होने से हम ..... आयातकों द्वारा उठाये गए (बैंक का नाम) किसी भी विवाद या विवादों या किसी न्यायालय या न्यायाधिकरण में किसी मुकद्दमें या कार्रवाई के विचाराधीन होने पर भी मांगी गई धनराशि सरकार को देने की प्रतिज्ञा करते हैं एवं वचन देते हैं ।"

(3) अनुबंध-2 में अनुबद्ध ब्यौरे 3 प्रतियों में आयातक द्वारा इन सभी दस्तावेजों के भेज दिए जाने के बाद ही केवल संविदा पर आगे कार्यवाही की जाएगी ।

5. संविदा को अधिसूचित करना

26. संविदा आर्थिक कार्य विभाग द्वारा आर्थिक कार्यों के सलाहकार, फ्रांसीसी दूतावास, नई दिल्ली को अधिसूचित की जाएगी, यदि यह पूर्ण है, दस्तावेज बैंक गारंटी आदि सहित सही है तो आयात लाइसेंस संविदा करने के लिए वैध है और फ्रांसीसी क्रेडिट के अधीन वित्तदान के लिए अर्हक समझा जाएगा ।

27. संविदा उपर्युक्त अनुसार आर्थिक कार्य विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना के 20 दिनों के बाद लागू समझी जाएगी बशर्ते कि इस अवधि के भीतर फ्रांसीसी दूतावास द्वारा कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती ।

6. भुगतानों के तरीके

28. संभरक को भुगतान, बैंक्यू नेशनले डि-पेरिस को अनुबंध-3 में सूचीबद्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर फ्रांसीसी राजकोष ऋण और बैंक क्रेडिट से संविदा प्रभावी होने पर, सहायता लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यूनाईटिड कामर्शियल बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली द्वारा जारी किए जाने वाले "अनुदेश पत्र" के आधार पर किए जाएंगे ।

29. फ्रांसीसी क्रेडिट के अंतर्गत जारी किए गए आयात लाइसेंस के अधीन नीचे की शर्त 31 के सिवाय भारत से किसी भी धन प्रेषण की अनुमति नहीं है ।

30. ऊपर उल्लिखित अनुदेश पत्र के अनुसार भुगतान प्रभावी हो जाने के तुरन्त बाद बैंक प्रभारों (एक प्रतिशत दस्तावेजीकरण खर्च का 1/8 उस पर 17.60 प्रतिशत की दर से कर) और डाक खर्च आदि

के ब्यौरो के साथ दस्तावेजो (परक्राम्य) का मूल सेट, बैंक्यू नेशनले डि-पेरिस द्वारा निम्नलिखित को भेजा जाएगा —

(1) भारत मे आयातक के उस बैंक को जिसने निजी क्षेत्र के निर्यातो के मामले मे बैंक गारन्टी प्रदान की है या

(2) सार्वजनिक क्षेत्र प्रक्रमो, राज्य सरकारो जिसमे राज्य विद्युत बोर्ड भी शामिल है और केन्द्रीय सरकार के विभागो के मामले में भारत के स्टेट बैंक की मनोनीत शाखा को या राष्ट्रीयकृत बैंको में से किसी एक बैंक को।

31. बैंक्यू नेशनले डि-पेरिस से बैंक प्रभारो की सूचना प्राप्त करने के सात दिनो के भीतर ही भारतीय बैंक केवल प्रभारो और डाक खर्चो की धनराशि को भारत सरकार के लेखे प्रभावित किए बिना फ्रांस के सम्बद्ध बैंक को सीधे ही प्रेषण करेगा।

32 इस कार्य के लिए उनकी गारन्टी के अन्तर्गत यथा[illegible] धनराशि के अलावा भारतीय बैंक द्वारा भारतीय आयातक से आवश्यक रुपये वसूल किए जाएगे।

33 केन्द्रीय सरकार के विभागो द्वारा आयातो के मामले मे केवल प्रभारो सहित बैंकिंग प्रभारो एव डाक खर्चो के प्रेषण की व्यवस्था केन्द्रीय सरकार के विभागों के उन बैंको द्वारा की जाएगी जिन्हे दस्तावेज भेजे जाते है।

7. रुपये में भुगतान को प्रभावित करना

34 (1) राज्य विद्युत बोर्डो सहित निजी क्षेत्र के आयातक, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रक्रम एव राज्य सरकार के विभाग.— ऊपर की कडिका 30 मे उल्लिखित दस्तावेजो की प्राप्ति के अधिक से अधिक 10 दिनो के भीतर ही जिस बैंक ने गारन्टी जारी की है वह या भारत के स्टेट बैंक की नामित शाखा अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको के बीजक में यथा सकेतित विदेशी सभरकों को दिए गए भुगतान के समतुल्य रुपये जमा करने की व्यवस्था करेगा और साथ ही सभरको को किए गए भुगतानो का मूल्य 1 प्रतिशत की दर से कमीशन और आकस्मिक प्रभार भी करेगा। उसके अतिरिक्त विदेशी सभरको को किए गए भुगतान एव समतुल्य रुपये जमा करने की तारीख के बीच की वास्तविक अवधि के लिए सार्वजनिक सूचना स० 46-आईटीसी (पी एन)/76, दिनाक 16-6-76 के अनुसार प्रथम तीस दिनो के लिए 9% वार्षिक ब्याज और इससे अधिक अवधि के लिए 15% वार्षिक ब्याज या अन्य कोई धनराशि जिसकी अपेक्षा भारत सरकार से की जाएगी उसे भी सरकारी खाते मे चुकाया जाएगा।

समतुल्य रुपये प्रकार सार्वजनिक सूचना स० 108-आईटीसी (पी एन)/72, दिनाक 21-7-72 तथा 8-आईटीसी (पी एन)/76 दिनाक 17-1-76 द्वारा यथा सशोधित वाणिज्य मत्रालय की सार्वजनिक सूचना स० 15-आईटीसी (पी एन)/72, दिनाक 28-1-72 म दिए गए फार्मूले के आधार पर मिली-जुली दर पर किया जाएगा या मुख्य नियत्रक, आयात की सार्वजनिक सूचनाओ के माध्यम से समय-समय पर अधिसूचित सूचनाओ के आधार पर किया जा सकता है।

(2) केन्द्रीय सरकार के विभाग —केन्द्रीय सरकार के विभागो द्वारा किए गए आयातो के मामले म भी ऊपर कडिका 30 मे उल्लिखित दस्तावेज उनके बैंकर को साथ ही भेज जाएगे। ये बैंक इसके बदले मे इस बात का सुनिश्चिय करेंगे कि विभाग सम्बद्ध लेखा एव लेखा परीक्षा नियत्रक को सूचना देते हुए (नीचे की कडिका 36 देखे) सार्वजनिक सूचना स० 74-आईटीसी (पी एन)/74 दिनाक 31-5-74 मे निर्धारित प्रपत्र में चालान द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इडिया, नई दिल्ली मे या स्टेट बैंक ऑफ इडिया तीस हजारी मे या भारत सरकार के खाते के लिए स्टेट बैंक ऑफ इडिया, तीस हजारी के नाम से डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा रुपया जमा कराते है। यह लेखा शीर्ष जिसके अन्तर्गत रुपया जमा किया जाता है वह इस प्रकार है "843 सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फार परचेजेस एसेट्रा एब्राड—डिपोजिट्स अडर फ्रैंच क्रेडिट फार 600 मिलियन फ्रैंच परचेस फार 1980-81" ब्याज के भुगतान के बारे मे व्यवस्था केन्द्रीय सरकार के विभागों के लिए लागू नहीं होगी।

35 भारत में जिस सबद्ध बैंक ने गारंटी दी है या भारत के स्टेट बैंक या 14 राष्ट्रीयकृत बैंको म से किसी एक, जैसा भी मामला हो, को सुनिश्चय करने का उत्तरदायित्व होगा कि देय धनराशिया सरकारी लेखे मे ठीक तरह से जमा की गई है।

36 जमा या तो भारत के रिजर्व बैंक, नई दिल्ली मे या भारत के स्टेट बैंक, तीस हजारी शाखा दिल्ली-6 मे किया जा सकता है या भारत के स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा या इसके उपसगी से डिमाड ड्राफ्ट के माध्यम से भारत के स्टेट बैंक की तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (आदेशिती तथा प्राप्ती) के नाम मे और क्रेडिट के लिए उसे केन्द्रीय सरकार के लेखे मे जमा करने के लिए सार्वजनिक सूचना स० 74-आईटीसी (पी एन)/74 दिनाक 31-5-74 द्वारा यथा सशोधित वाणिज्य मत्रालय की सार्वजनिक सूचना स० 184-आईटीसी (पी एन)/68, दिनाक 30-8-1968 तथा सार्वजनिक सूचना स० 233-आईटीसी (पी एन)/68, दिनाक 14 अक्तूबर, 1968 के अनुसार धन प्रेषण किया जा सकता है। अन्य बातो के साथ-साथ चालान मे अनुदेश पत्रों की सख्या और दिनांक विदेशी मुद्रा की धनराशि लागू की गई मिश्रित दर, सभरको का भुगतान की तिथि और रुपया जमा करने की तिथि तथा अन्य सभी आवश्यक ब्यौरे जो सार्वजनिक सूचना स० 132-आईटीसी (पी एन)/71, दिनाक 5-10-71 एव सार्वजनिक सूचना स० 74-आईटीसी (पी एन)/74 दिनाक 31-5-74 मे निर्धारित किए गए हैं, सकेतित होने चाहिए। मूल धनराशि 1 प्रतिशत यथा मूल्य की दर से आकस्मिक प्रभार और सार्वजनिक सूचना सख्या 46-आईटीसी (पी एन)/76, दिनाक 16-6-76 के अनुसार 9% 15% की दर से ब्याज भुगतान को अलग-अलग दर्शाना चाहिए और साथ ही जिस अवधि के लिए ब्याज वसूला गया है, उसे भी दर्शाना चाहिए ब्याज की गणना करते समय यह मूल धनराशि जमा 1 प्रतिशत यथा मूल्य की दर से आकस्मिक प्रभार होगा। डिमाड ड्राफ्ट राजकोष चालान विधिवत पूर्ण और प्रेषक द्वारा हस्ताक्षरित है के साथ चार प्रतियो मे भारत के स्टेट बैंक, दिल्ली 6 को सीधे ही भेजना चाहिए। लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत धनराशि जमा होना है, वह है, के डिपोजिट्स एड एडवासिज (बी) डिपोजिट्स नाट बियरिंग इन्टेरेस्ट 843-सिविल डिपोजिट्स फार परचेजज फ्रोम एब्राड अन्डर 600 मिलियन एफ एफ जनरल क्रेडिट 1980-81।

37. राजकोष चालान की एक प्रति और एक प्रपत्र जिसमे यह प्रमाणित किया गया हो रुपया विधिवत् भारत के रिजर्व बैंक या भारत के स्टेट बैंक, तीस हजारी शाखा दिल्ली-6 द्वारा प्राप्त कर लिया गया है या डिमान्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने के सबध मे सूचना सम्बद्ध बैंक द्वारा सहायता लेखा नियत्रक को उसके द्वारा जारी किए गए निदेश पत्र का उल्लेख करते हुए और बीजक तथा पोतलदान दस्तावेजों की प्रतियो को भी सलग्न करते हुए रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए। राजकोष चालान के नवीनतम आकार के अन्तर्गत टिप्पणी-1 के अनुसार डिमान्ड ड्राफ्ट को दर्ज करने की तारीख ही सरकार के खाते मे समतुल्य रुपये जमा कराने की तारीख समझी जाएगी। आयातकों से सही अवधि के लिए ब्याज की वसूली को निश्चय करने के लिए यह आवश्यक है कि डिमान्ड ड्राफ्ट को जिस तारीख को दर्ज किया जाता है उसकी सूचना प्रत्येक मामले म निरपवाद रूप से सहायता लेखा एव लेखा परीक्षा नियत्रक को भेज दी जानी है।

38. आयातक के लिए आवश्यक होगा कि वह आवश्यक रुपया केवल व्यापारी के माध्यम से ही जमा करे। भारतीय बैंक भी आयात लाइसेंस की विदेशी मुद्रा विनिमय नियत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपो की धनराशि का पृष्ठाकन करेगा और आवश्यक एस प्रपत्र को भारत के रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजेगा।

39 आयातक द्वारा किए गए रुपया निक्षेपों की पुनरीक्षा: पोत-लदान पूर्ण होते ही, परन्तु अन्तिम पोतलदान पारित होने के एक महीने से अधिक नहीं, आयातक के बैंक द्वारा अनुबन्ध-4 में दिए गए प्रपत्र में पंजीकृत डाक द्वारा एक विवरण सहायता लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक-कार्य विभाग, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली को आयातक को सूचना देते हुए भेजा जाएगा। आयातक के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि सम्बद्ध बैंक द्वारा अनुबन्ध-4 का प्रपत्र ठीक तरह से तैयार किया गया है और सम्बन्धित अनुदेश पत्र में प्राधिकृत पोतलदानों के पूर्ण होने के एक महीने के भीतर वह प्रपत्र सहायता लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेजा गया है।

आयातक के बैंक की जानकारी में आने पर या सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक द्वारा संकेत करने पर किसी भी कम निक्षेप को तुरन्त सुधार दिया जाएगा और प्राप्त किए गए सम्बद्ध राजकोष चालान की प्रति आयातक के खाते को बन्द करने के प्रयोजनार्थ सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेज दी जाएगी।

"प्रोजेक्ट क्रेडिट्स" के अधीन आयातों के मामले में आयातकों के बैंकर्स द्वारा प्रेषित अनुबन्ध-1 में संदर्भित बैंक गारन्टी में संशोधन किया जाए :

(1) निम्नलिखित खण्ड को पैरा 9 के उप-पैरा 2 के रूप में निविष्ट किया जाए :—

"लेकिन इस बैंक गारन्टी के अधीन. . . . .

. . . . का दायित्व उस सीमा
(बैंक का नाम)

तक कम हो जाएगा जितना कि वह विधिवत् सरकार को या तो. . . . . .या
(बैंक का नाम)

सर्वश्री . . . .
(आयातक का नाम)

द्वारा भुगतान कर देता है और सरकार बैंक को ऐसे भुगतान की लिखित सूचना दे देती है।"

(2) बैंक गारन्टी के पैरा-3 के अन्त में निम्नलिखित पंक्तियां जोड़ी जाएं :—

"और इस बांड के अधीन. . . . .
(बैंक का नाम)

का दायित्व के सम्पूर्ण अप्रतिबद्ध एवं अपरिवर्तनीय होने में हम
(बैंक का नाम)

आयातकों द्वारा उठाये गये किसी भी विवाद या विवादों या किसी न्यायालय या न्यायाधिकरण में किसी मुकदमे या कार्रवाई के विचाराधीन होने पर भी मांगी गई धनराशि सरकार को देने की प्रतिज्ञा करते हैं एवं वचन देते हैं।

8. विविध

40. भारतीय आयातक और फ्रैंच सम्भरकों के बीच यदि किसी प्रकार का झगड़ा होगा तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगी।

41. भारतीय आयातक आयात लाइसेंस के सम्बन्ध में उठने वाले किसी एक मामले या सभी मामलों में सम्बन्धित सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी निदेश, अनुदेश या आदेश का और फ्रांसीसी सरकार तथा फ्रांसीसी बैंकों के साथ ऋण समझौते के अधीन सभी दायित्वों को पूर्ण करने का तुरन्त पालन करेगा।

42. इसमें निर्धारित किसी भी शर्त का किसी प्रकार का उल्लंघन करने या इसे तोड़ने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और इसके अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों के अन्तर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुबन्ध-1
[पैरा 25(3)]

बैंक गारन्टी बांड

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति

भारत के राष्ट्रपति (जिसे आगे सरकार कहा गया है) के हेतु फ्रैंच क्रेडिट की शर्तों के अन्तर्गत (इसके बाद इसे आयातक कहा गया है) को उपर्युक्त फ्रैंच क्रेडिट के प्रति जारी किए गए लाइसेंस संख्या. . . . . दिनांक. . . . . .के अनुसरण में आयातक द्वारा . . . . के आयात के लिए फ्रांसीसी बैंक में भुगतान करने की व्यवस्था करने के लिए सहमत होते हुए हम . . . . उक्त क्रेडिट के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति और उपयुक्त लेखा शीर्षक में जमा करने के लिए आयातक द्वारा प्रार्थना करने पर सार्वजनिक सूचना सं० 103 आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 21-7-72 द्वारा संशोधित विदेश व्यापार मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना संख्या 15-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 28-1-72 में दिए गए फार्मूले या रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के ए० डी० परिपत्र के आधार पर या भारत सरकार की सार्वजनिक सूचनाओं द्वारा समय-समय पर यथा-अधिसूचित फार्मूले के आधार पर हिसाब लगाकर एफ०एफ०आई० के विनिमय की मिली-जुली दर पर परिवर्तित फ्रांसीसी बैंक. . . . . . . के समतुल्य भारतीय रुपए तथा उसके साथ उपर्युक्त दर में परिवर्तित 1% यथा मूल्य की दर से कमीशन तथा अन्य प्रभार और उस पर फ्रांसीसी सम्भरक को भुगतान करने की तिथि से लेकर सरकार के लेखे में जमा कराने की तिथि तक के समय के लिए प्रथम तीस दिनों के लिए 9% वार्षिक दर एवं इससे अधिक अवधि के लिए 15% वार्षिक दर के हिसाब से भुगतान की सूचना की पावती की तिथि से 10 दिन के भीतर जमा करने की व्यवस्था करने का एतद्द्वारा वचन देते हैं। हम रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा दिल्ली-6 में सरकार के खाते में निक्षेप करने की व्यवस्था करेंगे और यह सम्भव नहीं हो पाने की स्थिति में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 (केन्द्रीय सरकार के लेखे में क्रेडिट के लिए) के नाम में और इसको देय दर्शनी हुण्डी के माध्यम से व्यवस्था करेंगे। दर्शनी हुण्डी राजकोष चालान (विधिवत भरे हुए और प्रेषणकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित) के साथ चार प्रतियों में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 को सीधे भेजा जाएगा।

2. हम. . . . . .बैंक, इस बात की भी जिम्मेदारी लेते हैं कि आयात दस्तावेजों के परक्राम्य सेट की रिहाई आयातक को केवल तभी की जाएगी जब कि उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जा चुका हो।

3. हम . . . . बैंक, किसी बकाया धनराशि को जो आयातक द्वारा सरकार को ऐसे स्थान पर और ऐसी रीति से चुकानी हो जैसा कि सरकार निदेश दे तो ऐसी बकाया धनराशि को. . . . . .रुपए से अधिक नहीं हो—या उसका कोई भाग और उस धनराशि के साथ फ्रैंच सम्भरकों को भुगतान की तिथि से आयातक द्वारा जितने समय तक यह देय रहे उस पर प्रथम

30 दिनों के लिए 9% वार्षिक दर से और इससे अधिक अवधि के लिए 15% वार्षिक हिसाब से ब्याज तथा कमीशन और यथा मूल्य 1% की दर से अन्य प्रभारों का आयातक द्वारा भुगतान न करने की त्रुटि पाई जाने पर हम क्षतिपूर्ति करने का और सरकार को क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त रखने का वचन देते हैं। आयातक द्वारा उक्त भुगतान करने की त्रुटि पर या उसकी तरफ से हमारे.................. बैंक द्वारा देय धनराशि के सम्बन्ध में त्रुटि होने पर हमारे......... ....बैंक के लिए सरकार का निर्णय अन्तिम और अनिवार्य होगा।

4. हम......................बैंक, यह भी वचन देते हैं कि हम भारत सरकार के लेखे को प्रभावी किए बिना ही सम्बद्ध बैंक को अदा किए जाने वाले तार खर्चे सहित बैंक तथा डाक प्रभारों को प्रेषित कर देंगे और उसको आयातक से वसूल कर लेंगे।

5. हम.....................बैंक, आगे इस बात पर सहमत हैं कि मुद्रा विनिमय की अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि समानता दर से या अन्यथा परिवर्तन के परिणामस्वरूप, आयातों के मूल्य में वृद्धि या संविदा के अन्तर्गत माल की शेष सुपुर्दगी के मूल्य में वृद्धि की धनराशि का समायोजन इस गारन्टी बांड में उसी तिथि से और उसी अनुपात में कर दिया जाएगा जब से यह परिवर्तन लागू होगा।

6. हम...................बैंक, इससे भी सहमत है कि यह गारन्टी साज-समान की सुपुर्दगी के विषय में उक्त करार/संविदा के निष्पादन के समय तक और जब तक इस गारन्टी के अधीन या इसकी वजह से सारी बकाया धनराशि पूर्णतया नहीं चुका दी जाएगी और हमें इसके दावों की सन्तुष्टि या अदायगी नहीं कर दी जाएगी, तब तक पूर्ण रूपेण लागू और प्रभावी होगी।

7. इस गारन्टी बांड में निहित जिम्मेवारी आयातक या........ ....बैंक के संघटन में कोई परिवर्तन हो जाने पर प्रभावित नहीं होगी, और इस गारन्टी में प्राप्त जिस धनराशि का भुगतान आयातक से कराना है उसको चुकाने के लिए बाध्य करने के लिए सरकार को गारन्टी को रद्द किए बिना अपने द्वारा प्रयोग करने योग्य किसी भी अधिकार को किसी समय के लिए या समय-समय पर आयातक के लिए विरुद्ध प्रयोग करने की पूर्ण स्वतन्त्रता होगी और पूर्वोक्त मामले के सन्दर्भ में या आयातक को दिए जाने वाले समय के कारण या आयातक को सरकार द्वारा उसकी तरफ से किसी अनुग्रह के कारण कोई अन्य स्थगन, कार्य या छूट या जिम्मेदारियों से सम्बन्धित कानून के अन्तर्गत किसी अन्य मामले से किसी अन्य भी मामले से या किसी भी बात से सरकार के अधिकार की स्वतन्त्रता के कारण..................से बैंक इस गारन्टी के अधीन अपने उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं हो जाएगा।

8. हम.................बैंक, अन्त में यह वचन देते हैं कि सरकार की लिखित रूप से पूर्व अनुमति के बिना हम गारन्टी को इसकी चालू अवधि के दौरान रद्द नहीं करेंगे।

9. इस गारन्टी के अन्तर्गत हमारा दायित्व ....@.... रुपये (इस पर ब्याज* प्रभार के साथ दी गई गारन्टी की धनराशि के 1 प्रतिशत की दर से अधिक होने की आशा नहीं है, तक प्रतिबन्धित है) और यह गारन्टी........दिन........(मास).....19.... तक लागू रहेगी।

10. लेकिन, हम ऐसे अतिरिक्त निक्षेप करने का वचन देते हैं जो समय-समय पर अधिसूचित सार्वजनिक सूचना संख्या 18 आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 28-1-72 की शर्तों के अनुसार आवश्यक हो। जब तक इस गारन्टी के अन्तर्गत इस तिथि के छह मास के भीतर लिखित रूप में दावे नहीं किए जाते और इसके बाद जैसे............तक अगले छह मास के भीतर जब तक इन दावों को क्रियान्वित करने के लिए कोई मुकदमा नहीं चलाया जाता या कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो इस गारन्टी के अन्तर्गत सरकार के सभी अधिकार, समाप्त हो जाएंगे और हम उनमें निहित सारे दायित्वों से छुटकारा पा जाएंगे और मुक्त हो जाएंगे।

श्री........●.........दिन व तारीख.................

(नाम और ओहदा)

के द्वारा कृते....................

भारत के राष्ट्रपति के लिए

उनकी ओर से स्वीकृति।

हस्ताक्षर.................

@यह राशि संविदा के मूल्य के लिए मिली-जुली दर जो 1 एफ०फ०-1,822 रुपए हैं उसमें 1 प्रतिशत को जोड़कर ही निकाली जानी चाहिए।

*यह तिथि जिस तिथि को संभरकों के लिए सभी प्रकार के भुगतान पूर्ण होने की सम्भावना है, उसमें एक मास जोड़ते हुए निश्चित की जाएगी।

टिप्पणी : वह स्टाम्प पेपर, जिसमें यह गारन्टी कार्यान्वित होने वाली है, उसे कलक्टर द्वारा निर्णीत किया जाना है।

अनुबन्ध-2
(तीन प्रतियों में)
[पैरा 25(4)]

सेवा में,

सचिव,
वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,
ई०ई०सी०-1 अनुभाग, नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली-1

विषय : फ्रांस ऋण 1980-81 के अन्तर्गत आयात।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित क्रेडिट के अन्तर्गत फ्रांस से...का आयात
(माल तथा सेवाओं का संक्षिप्त विवरण)
करने के सम्बन्ध में हम निम्नलिखित ब्यौरा देते हैं :—

(क) आयातक का नाम और पता

(ख) आयात लाइसेंस
   (1) संख्या
   (2) दिनांक
   (3) धनराशि
(ग) फ्रेंच सम्भरक का नाम और पता
(घ) संविदा का दिनांक
   अथवा
   आदेशों की स्वीकृति के सम्भरकों के अन्तिम पत्र का दिनांक
(ङ) गैर-फ्रांसीसी मूल के माल की प्रतिशतता, यदि कोई हो (अब फ्रांस में निर्मित किया गया हो)
(च) संविदा का मूल्य फ्रांसीसी फ्रेंकों में पोत पर्यन्त निःशुल्क कीमत (घटा) भारतीय एजेन्ट का कमीशन यदि कोई हो, कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य भाड़ा · · · ·
   लागत तथा भाड़ा कीमत बीमा यदि फ०फ्रें० में चुकाया गया हो · · · · ·
   ऋण के अन्तर्गत वित्त दान की जाने वाली कुल लागत बीमा भाड़ा कीमत · · · ·
(छ) (1) पोतलदान की तिथियां या वे तिथियां जिनको सेवा कार्य पूर्ण किए जाएंगे
   (2) संविदा में यथा निर्धारित, प्रत्येक पोतलदान या पूर्ण किए गए सेवा कार्य का मूल्य
(ज) वह तिथि जिसको इस संविदा के अन्तर्गत भुगतान देय होगा :—
   (1) अग्रिम भुगतान के सम्बन्ध में (जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य का कम से कम 5 प्रतिशत)।
   (2) संविदा की (अथवा प्रत्येक आदेश तथा स्वीकृति पत्र की) और संशोधन (यदि कोई हो) की 10 साक्ष्यांकित प्रतियां और आयात लाइसेंस की दो फोटो स्टेट प्रतियां संलग्न की जाती हैं।
   *(3) एक बैंक गारन्टी जो · — केवल निजी क्षेत्र के आयातकों के लिए लागू है।
   ·
   (विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय निर्धारित बैंक का नाम और पता) द्वारा स्थापित की गई है और जो स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलेक्टर द्वारा न्याय निर्णीत की गई है वह भी संलग्न है।
   या
   *(3) आयात प्रलेख (स्टेट बैंक आफ इण्डिया की शाखा या राष्ट्रीयकृत 14 बैंकों में से किसी बैंक का पूरा नाम तथा पता · को भेजा जा सकता है जो सार्वजनिक सूचना संख्या 108–आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 21-7-72 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना संख्या 15–आई० टी० सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 28-1-1972 या समय-समय पर भारत सरकार द्वारा यथा अधिसूचित सार्वजनिक सूचनाओं या रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा अधिसूचित ए०डी० परिपत्रों में दिए गए फार्मूले के आधार पर लगाए गए परिवर्तन की मिली-जुली दर पर परिगणित समतुल्य रुपए और फ्रेंच सम्भरक को भुगतान करने की तारीख से समतुल्य रुपये जमा करने की तारीख तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज और लाइसेंस शर्तों की कंडिका 15 के अन्तर्गत यथा अपेक्षित यथा मूल्य की दर पर 1 प्रतिशत कमीशन और आनुषंगिक प्रभारों (प्रलेखीय प्रभारों के एक प्रतिशत का 1/8 और उस पर 17.60 प्रतिशत की दर से कर तथा वास्तविक डाक प्रभारों के लिए खर्च) के साथ सरकार के लेखे में जमा करने के केवल बाद ही हमें प्रलेख रिहा करेंगे। — सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और राज्य विद्युत बोर्ड सहित राज्य सरकारों के लिए लागू है।
   या
   *(3) सौदों से सम्बन्धित ऋण और · के लेखों में समंजनीय — केवल केन्द्रीय सरकार के विभागों के लिए लागू।
   (लेखा अधिकारी का पदनाम और पूरा डाक पता)
   ऋण के विषय में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वह लाइसेंस शर्तों के अनुसार मांगे जाते ही समंजित किया गया है।
   *(जो लागू नहीं है उसे हटा दीजिए)।
   (4) आपसे अनुरोध है कि फ्रेंच क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान करने के लिए संविदा अनुमोदित करा लें और सम्भरकों का सीधे भुगतान की व्यवस्था करने के लिए फ्रेंच प्राधिकारियों को आवश्यक प्राधिकरण-पत्र जारी करें।

भवदीय,
लाइसेंसधारी

अनुबन्ध-3
पैरा (28)

दस्तावेजों की निदर्शी सूची

1. पोतलदान किए गए उपस्कर के मूल्य तथा किसी भी नकद भुगतान के ब्यौरे, जैसा भी मामला हो, के लिए वाणिज्यिक बीजक।
2. जहां लागू हो पैकिंग सूचियों सहित समुद्री मार्ग प्रेषक बिलों या चार्टर पार्टी पोतलदान बिलों या वायुमार्ग बिलों जैसा भी मामला हो, की पूरा सेट, यदि कोई प्रमाण-पत्र संविदा में निर्धारित किया गया हो तो वह ।
3. आवश्यक सीमा-शुल्क दस्तावेजों सहित सम्भरकों द्वारा लिखित प्रमाण-पत्र यह प्रमाणित करते हुए कि फ्रांस सरकार द्वारा प्राधिकृत अदत्त व्यय का प्रतिशतता का फ्रांस सम्भरकों ने अनुपालन किया है ।
4. अन्य कोई दस्तावेज ।

अनुबन्ध-4
कंडिका (32)

.... फ्रैंच फ्रेक .... दिनांक .... के अन्तर्गत वित्त युक्त किए गए लदानों के पूर्ण होने के तुरन्त बाद ही आयातक के बैंक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला प्रपत्र

(1) आयातक का नाम ....

(2) आयात लाइसेंस की संख्या ....

(3) बी०जी० संख्या .... दिनांक ....
(निजी क्षेत्र के आयातक द्वारा पूर्ण किया जाना है)

(4) वित्त मंत्रालय के अनुदेश पत्र संख्या .... दिनांक ....

(5) फ्रैंच फ्रेक में अनुदेश पत्र की धनराशि ....

क्रम संख्या	फ्रैंच बैंक द्वारा फ्रैंच सम्भरकों को अदा की गई धनराशि फ्रैंच फ्रेकों में	फ्रैंच बैंक द्वारा सम्भरक को भुगतान करने की तारीख	कालम 2 में दर्शाई गई धनराशि के बराबर रुपए	1 प्रतिशत ... गणित ब्याज	भुगतान की तारीख ... तारीख तक के बीच पड़ने वाले दिनों की संख्या (दोनों दिनों को जोड़कर)
1	2	3			6
1.					
2.					
3.					
4.					
कुल					

ब्याज की धनराशि	वास्तविक किए गए कुल निर्धार	स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी, दिल्ली / रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली के राजकोष चालान की संख्या एवं दिनांक	प्राधिकृत किन्तु अप्रयुक्त धनराशि और जो न समाप्त हो गई हो (5) और कालम 2 का अन्तर
7	8		
1.			
2.			
3.			
4.			
कुल			

(1) उपर्युक्त जानकारी हमारे रिकार्ड से जांच ली गई है और सही पाई गई है ।

(2) उपर्युक्त अनुदेश-पत्र के अन्तर्गत फ्रैंच बैंक के सभी विविध बैंक-प्रभार, प्रेषित कर दिए गए हैं ।

(3) चूंकि हमारे बी०जी० संख्या .... दिनांक .... के अनुसार सभी दायित्व पूरे कर दिए गए हैं, इसलिए बी०जी० का कृपया मुक्त कर दिया जाए ।

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

MINISTRY OF COMMERCE

(Import Trade Control)

Public Notice No. 41-ITC(PN)/80

New Delhi, the 31st October, 1980

Subject.—Licensing Conditions pertaining to French Credit 1980-81.

No. IPC/23(7)/80.—The terms and conditions governing the issuance of import licences under Indo-French Financial Protocol 1980-81 i.e. French General Credit 1980-81 as given in Appendix to this Public Notice are notified for information.

MANI NARAYANSWAMI, Chief Controller of Imports & Exports

Appendix to Ministry of Commerce Public Notice No. 41-ITC(PN)/80 dated the 31st October, 1980

I. IMPORT LICENCE

1. The import licence will be issued on C/F basis, with initial validity period of four months for contracting and twelve months for completing shipments. However, in the case of capital goods imports, the initial validity of the licence for completing shipments will be twenty four months from the date of issue.

2. The rupee value of the import licence shall be determined with reference to the exchange rate notified by the Department of Revenue (Customs) and prevailing on the date of issue of the import licence and indicated in the body of the import licence(s) as per para 2 of the Public Notice No. 78-ITC(PN)/74, dated the 6th June, 1974, issued by the CCI&E which also enjoins that the Customs Authorities and the authorised dealers in foreign exchange will make debits to the value of the licence(s) at the exchange rate specified on the import licence(s).

3. Each import licence will bear a superscription, "French Credit—Project Portion" or "French Credit Non-Project Portion" as the case may be. The two suffixes in the licence code classification number will be—for project—"S/FE" and for non-project "S/FN".

4. Within a fortnight of the receipt of the import licence, the importer should intimate to the Department of Economic Affairs (EEC-I Section) the fact of receipt of the import licence indicating the number, date and value of the import licence and likely date by which the contract documents would be furnished.

5. The condition regarding contracting will not be deemed to have been complied with unless complete contract documents, as provided in para 25 below, are furnished within the stipulated period of four months.

6. Where this stipulation is not complied with within four months the import licence will be deemed to have become invalid. The import licence may, however, be revalidated on an application by the party, along with, the licence in original, to the licensing authority giving reasons for not complying with the requirements in time.

7. Such request for revalidation would be considered on merit by the licensing authorities who may grant extension upto a further maximum period of 4 months. If, however, extension, is sought beyond 8 months from the date of issue of the import licence, such proposals will invariably be referred by the licensing authorities to the Department of Economic Affairs (EEC-I Section), Ministry of Finance, North Block, New Delhi.

II. CONTRACTING

